# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


पत्रांक ...................../2022–23 दिनांक 25.01.2023

प्रकाशनार्थ

मतदाता जागरूकता रैली

आज दिनाँक 25.01.2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिविल लाइन्स गोरखपुर के बी.एड. विभाग द्वारा ॶसामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली, का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के प्रशिक्षु नीतीश कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम सभी प्रशिक्षुओं को 'मतदाता शपथ' दिलायी गयी तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश सिंह जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह दिवस मतदान में अभिवृद्धि और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है हम सौभाग्यशाली हैं कि हम विश्व के वृहत्तम लोकतंत्र के भागीदार हैं मतदान हमारा सबसे बड़ा संवैधानिक कर्तव्य है हमें बिना किसी दबाव के अपने मत का प्रयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से करना चाहिए इसके पश्चात उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मतदाता जागरूकता रैली के तहत सभी प्रशिक्षुओं के आकर्षक पोस्टरएबैनर के साथ " लोकतंत्र की यही पहचान, हर मतदाता करे मतदान" वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, जैसे नारों के साथ समाज को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। रैली महाविद्यालय के पश्चिमी परिसर से निकली गई। जो इंदिरा बाल विहार ए इंदिरा चौक कचहरी चौराहा से होते हुए गुजरी।

इस अवसर पर बी.एड.विभाग के समस्त प्रशिक्षुओं सहित विभागाध्यक्ष प्रो० डॉ०अरुण तिवारी, प्रो० गीता सिंह, प्रो० शुभ्रा श्रीवास्तव, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव, श्रीमती शालिनी पारीख एवं अन्य प्राध्यापकगण मौजूद रहें।।

**डॉ. शैलेश कुमार सिंह**
सूचना एवं जनसम्पर्क प्रभारी